卐 श्री सदगुरू देवाय नम: 卐 卐 ओ३म् 卐 卐 जय माता दी 卐
卐 सीताराम बाबा जी 卐卐 जय बाबा की 卐卐 श्याम बाबा 卐ॐ 卐
卐 ! जाके सुमिरन तें रिपु नासा!! ! नाम सत्रुहन बेद प्रकासा!! 卐

उल्लंघ्य सिन्धो: सलिलं सलीलं,य:शोकवहिं जनकात्मजाया: आदाय तेनैव ददाह लंकां,नमामि तं प्राञ्जलिराञ्जनेयम्
मनोजवं मारुत तुल्य वेगं,जितेन्द्रियं बुद्धिमतां वरिष्ठम् वातात्मजं वानरयूथ मुख्यं, श्रीराम दूतं शरणं प्रपद्ये

केंद्र व उत्तरांचल सरकार से विज्ञापन मान्यता प्राप्त

हिन्दी सान्ध्य दैनिक

# उत्तरांचल दर्पण

♦वर्ष 26 ♦अंक 202 ♦पृष्ठ 8 ♦रूद्रपुर (ऊधमसिंहनगर) ♦बुधवार ♦29 अप्रैल 2026 ♦मूल्य दो रूपया

# हाथी का तांडव, दो को मौत के घाट उतारा

## हाथी के अचानक हमले से दहशत में ग्रामीण, वन विभाग ने बढ़ाई गश्त

लालकुआं (उद संवाददाता)। तराई केंद्रीय वन प्रभाग के टांडा रेंज से सटे लालकुआं क्षेत्र में बुधवार की सुबह एक खौफनाक मंजर देखने को मिला। लालकुआं कोतवाली के ठीक पीछे स्थित पहाड़ी खत्ता क्षेत्र में जंगल से निकले एक विशालकाय हाथी ने अचानक हमला कर दो स्थानीय लोगों को मौत के घाट उतार दिया। इस घटना से पूरे क्षेत्र में कोहराम मच गया । घटना से स्थानीय निवासियों में वन विभाग के खिलाफ भारी आक्रोश व्याप्त है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, बुधवार सुबह जब लोग अपने दैनिक कार्यों में व्यस्त थे, तभी टांडा रेंज के घने जंगलों से निकलकर एक हाथी रिहायशी इलाके के पास पहुंच गया। इससे पहले कि लोग संभल पाते, हाथी ने दो व्यक्तियों पर हमला कर दिया। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, हाथी का हमला इतना भीषण और अचानक था कि दोनों ही व्यक्तियों को भागने या संभलने का मौका नहीं मिला और उन्होंने मौके पर ही दम तोड़ दिया। मृतकों में एक की पहचान 75 वर्षीय बांधो प्रजापति के रूप में हुई है। जबकि दूसरे की शिनाख्त नहीं हो पायी है। घटना की सूचना मिलते ही कोतवाली पुलिस और वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची। प्रशासन ने भारी मशक्कत के बाद हाथी को (शेष पृष्ठ सात पर)





# तेज रफ्तार वाहन की टक्कर से एक की मौत

नानकमत्ता (उद संवाददाता)। थाना क्षेत्र के अंतर्गत एक दर्दनाक सड़क हादसे में एक व्यक्ति की अकाल मृत्यु हो गई, जिससे मृतक के परिजनों में कोहराम मच गया है। जानकारी के अनुसार ग्राम धूमखेड़ा निवासी कुलवंत कौर के पति मंजीत सिंह रात करीब 8:30 बजे अपने कार्यस्थल ग्राम पटिया से अपने साथी नंद लाल के साथ वाहन संख्या यूके 06 वी 3613 से घर लौट रहे थे।रास्ते में सिसई खेड़ा राइस मिल के पास चालक नंद लाल ने वाहन को सड़क किनारे खड़ा किया और शौच के लिए चला गया। इस दौरान मंजीत सिंह वाहन के पास ही सड़क किनारे खड़े थे। इसी बीच सामने से आ रहे वाहन संख्या यूके 06 एएन 1021 के चालक ने तेज गति और लापरवाही से गलत दिशा में वाहन चलाते हुए मंजीत सिंह को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि मंजीत सिंह गंभीर रूप से घायल होकर सड़क पर गिर पड़े। घटना के तत्काल बाद मौके पर मौजूद नंद लाल और अन्य लोगों ने 108 एम्बुलेंस की मदद से घायल को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सितारगंज पहुंचाया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टरों ने उनकी नाजुक हालत को देखते हुए हायर सेंटर रेफर कर दिया। इसके बाद परिजन उन्हें सितारगंज के एक निजी अस्पताल ले गए, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। हादसे के बाद मृतक के परिवार में मातम पसरा हुआ है। पत्नी कुलवंत कौर की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी वाहन चालक के खिलाफ प्राथमिक दर्ज कर मामले की विस्तृत जांच शुरू कर दी है।

# सीओ के सामने असलाह खोलने में नाकाम रहे कई पुलिस कर्मी

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। सीओ प्रशांत कुमार द्वारा आज ट्रांजिट कैम्प कोतवाली के निरीक्षण के दौरान कई पुलिस कर्मी उनके समक्ष असलाह खोलने में नाकाम रहे । जिस पर सीओ ने ऐसे पुलिसकर्मियों को प्रशिक्षण पर भेजने की बात कही। सीओ प्रशांत कुमार ने कोतवाली में सभी पुलिस कर्मियों की समस्याएं भी सुनी। उन्हें बताया गया कि यहां स्थान कम होने के कारण कार्य सम्पादन में परेशानियां का सामना करना पड़ता है। इसलिए भवन को दोमंजिला बनवाया जाये। साथ ही यहां लगे टीन शैड में बरसात में पानी टपकने (शेष पृष्ठ सात पर)



# आर्थिकी और पारिस्थितिकी में संतुलन प्राथमिकता: धामी

देहरादून (उद संवाददाता)। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि देहरादून के गौरवशाली समारोह में उत्तराखंड वन विकास निगम के रजत जयंती वर्ष-2026 के अवसर पर बतौर मुख्य अतिथि पहुंचे मुख्यमंत्री ने निगम के विकास की यात्रा को रेखांकित करते हुए कहा कि राज्य की आर्थिकी और पारिस्थितिकी को एक साथ आगे ले जाने का जो दायित्व इस संस्था ने निभाया है, वह सराहनीय है। मुख्यमंत्री ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ किया और इस महत्वपूर्ण पड़ाव पर निगम के समस्त अधिकारियों, कर्मचारियों और विशेष रूप से कठिन परिस्थितियों में कार्य करने वाले श्रमिकों को अपनी हार्दिक (शेष पृष्ठ सात पर)





उत्तराखंड वन विकास निगम ने अपने गठन के 25 वर्षों में राज्य की प्रगति में एक मजबूत स्तंभ की भूमिका निभाई है।

# बाईक से टकराया गुलदार,बाल-बाल बचे दंपत्ति

भीमताल। जनपद के भीमताल क्षेत्र में मंगलवार देर शाम एक हैरतअंगेज घटना सामने आई। खुटानी के समीप सड़क पार कर रहा एक गुलदार अचानक चलती बाइक से टकरा गया। टक्कर इतनी जोरदार थी कि गुलदार बाइक की चेन और पहिये के बीच बुरी तरह फंस गया। इस दौरान बाइक सवार दंपती ने सूझबूझ का परिचय देते हुए मौके से भागकर एक दुकान में शरण ली और अपनी जान बचाई। घटना के बाद मार्ग पर दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं और क्षेत्र में दहशत का माहौल बन गया। जानकारी के अनुसार, एक व्यक्ति अपनी पत्नी के साथ स्थानीय मंदिर से दर्शन कर घर लौट रहा था। इसी दौरान अचानक झाड़ियों से निकलकर गुलदार उनकी बाइक से टकरा गया। बाइक सवार संतुलन खोकर सड़क पर गिर गए, लेकिन गुलदार के बाइक में फंसने के कारण उन्हें संभलने का मौका मिल गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, घायल गुलदार काफी देर तक बाइक की चेन में फंसा रहा और निकलने के (शेष पृष्ठ सात पर)



# संदिग्ध हालातों में युवक ने फांसी लगाकर दी जान

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। ग्राम विजयनगर दिनेशपुर में मंगलवार की सायं अज्ञात कारणों के चलते एक विवाहित युवक ने घर में कमरा बंद कर फांसी लगा ली। उसे उपचार के लिए जिला चिकित्सालय ले जाया गया। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना से परिजनों में कोहराम मच गया। सूचना मिलने पर पुलिस ने शव अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। जानकारी के अनुसार ग्राम विजयनगर दिनेशपुर निवासी 26 वर्षीय शुभम विश्वास पुत्र इशांत का करीब 5 वर्ष पूर्व ग्राम की (शेष पृष्ठ सात पर)





# विधानसभा के मंथन से निकला 'आरक्षण का अमृत'

## विधानसभा के विशेष सत्र में धामी सरकार की बड़ी सियासी पहल,छात्र संघ चुनाव में छात्राओं को दिया जाएगा पचास फीसदी आरक्षण

-अर्श-

देहरादून। संसद के विशेष सत्र में महिला आरक्षण के लिए लाया गया संविधान संशोधन प्रस्ताव गिरने के बाद से, सत्ता पक्ष एवं विपक्षी दलों द्वारा अपने आप को मातृशक्ति का सबसे बड़ा हिमायती साबित करने के लिए तमाम राजनीतिक दांवपेंच अपनाए जाकर जबरदस्त बयान बाजी का दौर जारी है। सत्ता पक्ष द्वारा यह स्थापित करने का प्रयास किया जा रहा है कि विपक्षी दल लोकसभा में महिलाओं को आरक्षण दिए जाने की राह में रोड़ा अटका रहे हैं, वहीं विपक्षी दल की मांग है कि वर्तमान संसदीय स्थिति के आधार पर ही महिला आरक्षण लागू कर दिया जाए। आरोप प्रत्यारोप के इसी सियासी दौर में उत्तराखंड की पुष्कर सिंह धामी सरकार द्वारा विधानसभा का विशेष सत्र आयोजित किया गया और लोकसभा में महिला आरक्षण से संबंधित संविधान संशोधन प्रस्ताव गिराने के लिए विपक्षी दलों के खिलाफ निंदा प्रस्ताव लाया गया। आशा के अनुरूप उपरोक्त निंदा प्रस्ताव विगत रोज विधानसभा में बहुमत से पास हो गया । इस निंदा प्रस्ताव के द्वारा राज्य सरकार ने महिला आरक्षण के मसले पर अपना प्रबल समर्थन तो जाहिर कर ही दिया, साथ ही धामी सरकार ने उत्तराखंड में होने वाले छात्र संघ चुनाव में छात्राओं को पचास फीसदी आरक्षण दिए जाने की घोषणा करके एक बड़ी सियासी पहल भी कर दी है।नारी शक्ति वंदन अधिनियम को लेकर राज्य विधानसभा में आयोजित विशेष सत्र में शिक्षा मंत्री डॉ।धन सिंह रावत ने कहा कि उत्तराखंड में भविष्य में होने वाले छात्र संघ चुनावों में छात्राओं को पचास फीसदी प्रतिशत प्रतिनिधित्व दिया जाएगा। शिक्षा मंत्री के अनुसार, यदि महिलाओं को पर्याप्त अवसर दिया जाए तो वे नेतृत्व में भी उत्कृष्ट प्रदर्शन करती हैं, राज्य सरकार का संकल्प है कि नारी शक्ति वंदन अधिनियम के माध्यम से आधी आबादी को उनका उचित अधिकार मिले। राज्य सरकार ने सहकारिता से लेकर शिक्षा क्षेत्र तक महिलाओं के लिए कई योजनाएं लागू कीं हैं, जिसका नतीजा यह सामने आया कि राज्य में सहकारी समितियों के चुनावों में महिलाओं की भागीदारी उल्लेखनीय रूप से बढ़ी है। उन्होंने कहा कि 33 फीसदी प्रतिनिधित्व देने से सहकारी समितियों के चुनाव में कुल 6486 निर्वाचित संचालकों में लगभग 39 प्रतिशत यानी 2517 महिलाएं विजेता रहीं, जबकि 668 समितियों में से 281 की कमान (शेष पृष्ठ सात पर)



# शहर की पहचान और आध्यात्मिक ऊर्जा का नया केंद्र बनेगा शिव कॉरिडोर

## कॉरिडोर को धरातल पर उतारने की कवायद हुई तेज, महापौर ने अधिकारियों संग किया स्थलीय निरीक्षण

रुद्रपुर । गंगापुर रोड पर 'मानस खण्ड कॉरिडोर' के अंतर्गत प्रस्तावित भव्य 'शिव कॉरिडोर' को धरातल पर उतारने की कवायद तेज हो गई है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की घोषणा में शामिल इस महत्वाकांक्षी परियोजना को गति देने के लिए महापौर विकास शर्मा ने मंगलवार को संबंधित विभागों की टीम के साथ प्रस्तावित स्थल का व्यापक निरीक्षण और सर्वे किया। इस दौरान उन्होंने पर्यटन विभाग, कुमाऊं मण्डल विकास निगम , परिवहन और नगर निगम के अधिकारियों को प्रोजेक्ट का ड्राफ्ट जल्द तैयार करने के आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।बता दें कि महापौर विकास शर्मा के विशेष आग्रह पर मुख्यमंत्री धामी ने गंगापुर रोड स्थित गोल्ज्यू मंदिर, प्राचीन शिव मंदिर और नीलकंठ धाम को जोड़ते हुए एक भव्य शिव कॉरिडोर बनाने का ऐलान किया था। सोमवार को जिला योजना की बैठक में प्रभारी मंत्री प्रदीप बत्रा ने भी इस प्रोजेक्ट पर गंभीरता दिखाते हुए तत्काल काम शुरू करने के निर्देश दिए थे, जिसके बाद मंगलवार को महापौर ने अधिकारियों के साथ नगर निगम में बैठक की और फिर मौके पर जाकर सर्वे कार्य का जायजा लिया।निरीक्षण के दौरान मीडिया से मुखातिब होते हुए महापौर विकास शर्मा ने इस परियोजना को अपना ड्रीम प्रोजेक्ट बताते हुए कहा शिव कॉरिडोर केवल एक निर्माण कार्य नहीं, बल्कि रुद्रपुर की नई पहचान और आध्यात्मिक ऊर्जा का केंद्र बनेगा। यह मेरा संकल्प है कि रुद्रपुर को एक ऐसा स्थल मिले जहां आकर लोग न केवल



शांति का अनुभव करें, बल्कि हमारी समृद्ध सनातन संस्कृति से भी जुड़ सकें। यह कॉरिडोर प्राचीन शिव मंदिर, गोल्ज्यू मंदिर और नीलकंठ धाम को एक सूत्र में पिरोकर सर्वसमाज की आस्था का संगम बनेगा। यहां बंगाली, कुमाऊंनी और समस्त समाज की संस्कृतियों को जीवंत रूप में प्रदर्शित किया जाएगा।परियोजना के विस्तार पर चर्चा करते हुए महापौर ने बताया कि इस कॉरिडोर को वेडिंग डेस्टिनेशन के रूप में भी विकसित किया जाएगा, ताकि लोग पवित्र वातावरण में मांगलिक कार्य संपन्न कर सकें। इसके साथ ही, पर्यटकों को ग्रामीण परिवेश का अनुभव देने के लिए यहाँ मड हाउस (मिट्टी के घर) तैयार किए जाएंगे और बाहरी श्रद्धालुओं के ठहरने के लिए आधुनिक विश्राम गृह बनाए जाएंगे। उन्होंने विशेष रूप से उल्लेख किया कि नई पीढ़ी को अपने संस्कारों से जोड़ने के लिए यहाँ संस्कृति की पाठशाला भी शुरू की जाएगी, जहाँ सनातन मूल्यों का ज्ञान दिया जाएगा।महापौर ने कहा कि शिव कॉरिडोर रूद्रपुर की पहचान को राष्ट्रीय स्तर पर स्थापित करेगा। यह परियोजना शहर की अर्थव्यवस्था को भी गति देगी, रोजगार के नए अवसर सृजित करेगी और पर्यटन को नई ऊंचाइयों तक ले जाएगी। उन्होंने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी का आभार व्यक्त करते हुए कहा मुख्यमंत्री के नेतृत्व और आशीर्वाद से रूद्रपुर आज विकास के नए आयाम स्थापित कर रहा है। हम जल्द ही इस परियोजना का विस्तृत ड्राफ्ट तैयार कर लेंगे, जिसके पश्चात मुख्यमंत्री स्वयं रूद्रपुर आकर इसका शिलान्यास करेंगे।निरीक्षण के दौरान नगर आयुक्त शिप्रा जोशी पाण्डे, पार्षद प्रतिनिधि मानवेन्द्र सहित पर्यटन विभाग, कुमाऊं मंडल विकास निगम एवं अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

# रिक्शों में सवार महिलाओं के मंगलसूत्र उड़ाने वाली शातिर महिला गिरफ्तार

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। कोतवाली और थाना मुखानी पुलिस ने मुखानी क्षेत्र में रिक्शों में सफर कर रही महिलाओं के गले से मंगलसूत्र चोरी करने वाली शातिर महिला को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी महिला के पास से पुलिस ने चोरी किया गया माल भी बरामद किया है। पुलिस ने बताया कि मामले की शुरुआत 26 मार्च 2026 को हुई जब कुसुमखेड़ा निवासी दीपा खडायत ने शिकायत दर्ज कराई कि 9 मार्च को कालाढूंगी टैम्पो स्टैंड से घर लौटते समय उनके गले से मंगलसूत्र चोरी हो गया। पीड़िता ने बताया कि ऑटो में एक संदिग्ध महिला छोटे बच्चे के साथ बैठी थी, जो बार-बार सटकर बैठ रही थी। घर पहुंचने पर मंगलसूत्र गायब मिला। तहरीर के आधार पर कोतवाली में अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया। मामले की गंभीरता को देखते हुए वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मंजूनाथ टी सी



के निर्देश पर टीम गठित की गई।पुलिस टीम ने घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज खंगाले और सटीक सुराग जुटाए। इसके बाद 27 अप्रैल को रोडवेज स्टेशन के पास से आरोपी महिला 26 वर्षीय मुस्कान निवासी ब्रजधाम कॉलोनी, मथुरा (उत्तर प्रदेश) को गिरफ्तार कर लिया गया। पूछताछ में आरोपी ने खुलासा किया कि उसने पहले भी मुखानी क्षेत्र में इसी तरह की चोरी की घटनाओं को अंजाम दिया है। जांच के दौरान सामने आया कि उसके खिलाफ थाना मुखानी में भी पहले से मुकदमा दर्ज है। पुलिस के अनुसार, आरोपी का पति अमित भी इन वारदातों में सहयोग करता था और उसका आपराधिक इतिहास काफी लंबा है, जिसमें डकैती, हत्या के प्रयास आर्म्स एक्ट जैसे गंभीर मामले शामिल हैं। पुलिस ने आरोपी महिला के पास से दो मंगलसूत्र, पीली धातु की चौन और पेंडल सहित, तथा काले-लाल मोतियों वाला मंगलसूत्र बरामद किए हैं।

# स्मार्ट मीटर लगाने के खिलाफ कांग्रेसजनों ने दिखाए तेवर

रुद्रपुर (उद संवाददाता)। विद्युत विभाग द्वारा अप्रैल माह से जबरन स्मार्ट मीटर लगाने की साजिश के खिलाफ आयोजित बैठक में कांग्रेस कार्यकर्ताओं का गुस्सा फूट पड़ा।कार्यकर्ताओं ने कड़े तेवर दिखाते हुए एक सुर में कहा कि ये स्मार्ट मीटर नहीं, बल्कि खून चूसने वाले मीटर हैं, जिनके माध्यम से आम जनता की जेब पर डाका डाला जा रहा है।कांग्रेस पदाधिकारियों ने साफ शब्दों में आरोप लगाया कि जहां-जहां स्मार्ट मीटर लगाए गए हैं, वहां आम जनता, व्यापारी और उद्योगपति सभी बेहिसाब बिजली बिलों से त्रस्त हैं। गरीब और मध्यम वर्गीय परिवारों को बिजली विभाग के चक्कर काटने पर मजबूर किया जा रहा है, लेकिन उनकी कोई सुनवाई नहीं हो रही। यह सीधे-सीधे जनता का आर्थिक और मानसिक शोषण है।कांग्रेस नेताओं ने सरकार पर हमला बोलते हुए कहा कि जब उत्तर प्रदेश जैसे बड़े राज्य में स्मार्ट मीटरों पर रोक लगाई जा चुकी है, तो आखिर उत्तराखंड में किसके इशारे पर पुलिस की मौजूदगी में जबरदस्ती मीटर लगाए जा रहे हैं? क्या सरकार जनता की सेवा के लिए है या उन्हें लूटने के लिए? उन्होंने चेतावनी दी कि यदि सरकार ने तुरंत इस जनविरोधी निर्णय को वापस नहीं लिया, तो कांग्रेस पार्टी सड़कों पर उतरकर उग्र आंदोलन करेगी और जनता के हक के लिए हर स्तर पर लड़ाई लड़ी जाएगी। अब जनता का शोषण किसी भी कीमत पर बर्दाशत नहीं किया जायेगा। स्मार्ट मीटर का विरोध करने वालों में मोहनखेड़ा, संजय जुनेजा, गौरव खुराना, इंद्रजीत सिंह, सौरव राज बेहड़, गौरव गिरी, परवेज कुरेशी, सुहेल खान,



जितेश शर्मा, शुभम दास, विजय पुजारा, सुनील जड़वानी, राकेश अधिकारी, राजेंद्र मिश्रा सौरभ शर्मा, राकेश कोली आदि कांग्रेसजनों ने विरोध दर्ज करवाया।

# बेहड़ ने की पंतनगर की कॉलोनियों को न उजाड़ने की मांग

देहरादून (उद संवाददाता)। किच्छा विधायक तिलक राज बेहड़ ने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से शिष्टाचार भेंट कर पंतनगर क्षेत्र की ज्वलंत जनसमस्याओं को उनके समक्ष रखा। इस दौरान उन्होंने पंतनगर एयरपोर्ट विस्तारीकरण की आड़ में वहां स्थित संजय कॉलोनी, मस्जिद कॉलोनी एवं वाल्मीकि कॉलोनी के लगभग 600 परिवारों को उजाड़े जाने का मुद्दा प्रमुखता से उठाया। विधायक बेहड़ ने मुख्यमंत्री को अवगत कराया कि विश्वविद्यालय प्रशासन द्वारा इन कॉलोनियों के निवासियों को वहां से हटने हेतु निरंतर नोटिस जारी किए जा रहे हैं, जिससे स्थानीय लोगों में भारी भय और असमंजस की स्थिति व्याप्त हो गई है। उन्होंने पुरजोर मांग की कि जब तक सरकार की ओर से कोई ठोस पुनर्वास योजना तैयार न हो जाए, तब तक किसी भी परिवार को विस्थापित न किया जाए और प्रभावित लोगों के हितों की रक्षा सुनिश्चित की जाए।मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने इस मामले को गंभीरता से



लेते हुए विधायक को आश्वस्त किया कि इस संबंध में विश्वविद्यालय प्रशासन से वार्ता की जाएगी। उन्होंने कहा कि फिलहाल किसी भी प्रकार की जल्दबाजी में कार्रवाई नहीं की जाएगी और सभी पक्षों को ध्यान में रखते हुए उचित एवं न्यायसंगत समाधान निकाला जाएगा। इसके अतिरिक्त विधायक बेहड़ ने आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं की विभिन्न समस्याओं को भी मुख्यमंत्री के समक्ष विस्तार से रखा। उन्होंने आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं के मानदेय में राज्य स्तर पर सम्मानजनक वृद्धि किए जाने और केंद्र सरकार को भी मानदेय बढ़ाने हेतु प्रस्ताव भेजने की मांग की।विधायक ने आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं के लिए सेवानिवृत्ति पर 10 लाख रुपये की आर्थिक सहायता प्रदान करने तथा उनके वेतन से होने वाली अनावश्यक कटौतियों को समाप्त किए जाने का मुद्दा भी उठाया। साथ ही उन्होंने कार्यकर्ताओं को बायोमेट्रिक प्रणाली से न जोड़ने का आग्रह किया। मुख्यमंत्री ने आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं की इन मांगों को सहानुभूतिपूर्वक सुना और आश्वासन दिया कि इस विषय में गंभीरता से विचार कर आवश्यक निर्णय लिया जाएगा, ताकि मातृ एवं शिशु कल्याण जैसे महत्वपूर्ण कार्यों में लगी इन महिला कर्मियों को राहत मिल सके। मुलाकात के दौरान विधायक ने क्षेत्र के विकास से जुड़े अन्य बिंदुओं पर भी मुख्यमंत्री का ध्यान आकर्षित किया।

# निर्माण कार्य में घटिया सामग्री के उपयोग का आरोप

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। शहर में एडीबी द्वारा कराए जा रहे नहर-नाले सहित विभिन्न निर्माण कार्यों में घटिया सामग्री जंग लगी सरिया उपयोग किए जाने का मामला सामने आया है। इस संबंध में पार्षद प्रीति आर्या एवं युवा कांग्रेस प्रदेश उपाध्यक्ष हेमन्त साहू ने नगर मजिस्ट्रेट को लिखित शिकायत देकर जांच व सख्त कार्यवाही की मांग की है। शिकायत में आरोप लगाया गया है कि निर्माण कार्यों में मानकों के अनुरूप सरिया का उपयोग नहीं किया जा रहा ।। जिससे कार्य की गुणवत्ता पर गंभीर सवाल खड़े हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि इस तरह की लापरवाही से भविष्य में जनता



को भारी नुकसान उठाना पड़ सकता है। पार्षद प्रीति आर्या और हेमन्त साहू ने नगर प्रशासन से मांग कर दी हैं की है कि पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कराई जाए तथा दोषी ठेकेदारों और संबंधित अधिकारियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि जब तक निर्माण कार्यों की गुणवत्ता सुनिश्चित नहीं होती, तब तक ऐसे कार्यों से पर निगरानी बढ़ाई जाए। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि जल्द ही उचित कार्रवाई नहीं की गई तो जनहित में आंदोलन किया जाएगा।

# हीट वेव के चलते स्कूलों का समय बदला

चंपावत (उद संवाददाता)। मौसम विज्ञान विभाग द्वारा जारी पूर्वानुमान और मैदानी क्षेत्रों में बढ़ती भीषण गर्मी के दृष्टिगत जिला प्रशासन ने स्कूली बच्चों की सुरक्षा के लिए महत्वपूर्ण कदम उठाया है। उष्ण लहर यानी हीट वेव की संभावना को देखते हुए जनपद के विद्यालयों के संचालन समय में परिवर्तन कर दिया गया है। नई व्यवस्था के तहत अब विद्यालय प्रातः 7:45 बजे से दोपहर 01:00 बजे तक ही संचालित होंगे। यह आदेश तत्काल प्रभाव से आगामी 10 मई 2026 तक लागू रहेगा। वर्तमान मौसम विश्लेषण के अनुसार तापमान में निरंतर हो रही वृद्धि के कारण आमजन और विशेषकर स्कूली छात्र-छात्राओं के स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ने की आशंका है। अत्यधिक गर्मी से बच्चों में निर्जलीकरण (डिहाइड्रेशन) और अन्य स्वास्थ्य संबंधी जोखिम उत्पन्न हो सकते हैं। इसी को ध्यान में रखते हुए जनपद चम्पावत के मैदानी एवं अन्य प्रभावित क्षेत्रों में संचालित समस्त ग्रीष्मावकाश वाले सरकारी व निजी प्राथमिक, उच्च प्राथमिक, माध्यमिक एवं उच्च माध्यमिक विद्यालयों के साथ-साथ आंगनबाड़ी केंद्रों का समय भी संशोधित किया गया है। हालांकि, शीतावकाश वाले विद्यालय पूर्व निर्धारित समय-सारणी के अनुसार ही चलते रहेंगे। मुख्य शिक्षा अधिकारी मान सिंह ने जनपद के समस्त खंड शिक्षा अधिकारियों एवं उप शिक्षा अधिकारियों को आदेश का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए हैं।

# शुक्ला ने किया मजदूरों के महंगाई भत्ते और एरियर भुगतान का आग्रह

रुद्रपुर (उद संवाददाता)। पंडित गोविंद बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के नवनियुक्त स्थायी कुलपति डॉ. शिवेंद्र कश्यप से कुलपति कार्यालय में प्रबंधन परिषद सदस्य एवं पूर्व विधायक राजेश शुक्ला ने शिष्टाचार भेंट की। इस दौरान उन्होंने डॉ. कश्यप को पुष्पगुच्छ भेंट कर बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। पूर्व विधायक राजेश शुक्ला ने कहा कि डॉ. शिवेंद्र कश्यप का विश्वविद्यालय से गहरा भावनात्मक जुड़ाव रहा है। वह इसी प्रतिष्ठित संस्थान के छात्र रहे हैं और कृषि महाविद्यालय में अधिष्ठाता के रूप में लंबे समय तक अपनी सेवाएं दे चुके हैं। उनके विशाल अनुभव और संस्थान की बारीकियों की समझ से विश्वविद्यालय को निश्चित रूप से एक नई और सकारात्मक दिशा



मिलेगी। भेंट के दौरान उन्होंने कुलपति के साथ विश्वविद्यालय के समग्र विकास, शैक्षणिक गुणवत्ता में सुधार और शोध गतिविधियों को और अधिक सुदृढ़ करने के विषयों पर विस्तृत चर्चा की।विभिन्न लंबित समस्याओं को उठाते हुए पूर्व विधायक ने कुलपति से आग्रह किया कि श्रम आयुक्त उत्तराखंड शासन के आदेशानुसार दैनिक वेतन भोगी ठेका मजदूरों एवं सुरक्षा कर्मियों के परिवर्तनीय महंगाई भत्ते में वृद्धि की जाए। साथ ही उन्होंने 1 अक्टूबर 2024 से 31 मार्च 2025 तक की अवधि के एरियर का भुगतान शीघ्र सुनिश्चित करने के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित करने की मांग की। राजेश शुक्ला ने वर्ष 2003 से पूर्व से कार्यरत कर्मचारियों को विश्वविद्यालय का कर्मचारी मानने संबंधी लंबित मांग पर भी विस्तार से चर्चा की और इसके स्थाई समाधान पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय के प्रोफेसर, वैज्ञानिक, कर्मचारी और मजदूर सभी संस्थान की मजबूती के मुख्य आधार स्तंभ हैं, इसलिए सभी वर्गों के हितों को ध्यान में रखते हुए न्यायसंगत निर्णय लेना समय की मांग है। उन्होंने विश्वास जताया कि डॉ. शिवेंद्र कश्यप के नेतृत्व में संस्थान नई ऊंचाइयों को छुएगा।

# कुलपति एस.के. कश्यप ने संभाला कार्यभार

## शिक्षण, शोध और विस्तार के माध्यम से अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान बनाएगा पंतनगर विश्वविद्यालय

पंतनगर (उद संवाददाता)। गोविंद बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय में नवनियुक्त कुलपति प्रोफेसर शिवेंद्र कुमार कश्यप के स्वागत एवं अभिनंदन के उपलक्ष्य में भव्य कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। गांधी हॉल में आयोजित मुख्य कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कुलपति प्रोफेसर एस.के. कश्यप ने विश्वविद्यालय की गौरवशाली धरोहर और विशिष्ट कार्य संस्कृति को अक्षुण्ण रखने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय की पहचान अन्य संस्थानों से अलग बनी रहनी चाहिए। उन्होंने विश्वास जताया कि विश्वविद्यालय परिवार महान कार्य करने की क्षमता रखता है और आने वाले समय में संस्थान नई ऊंचाइयों को छुएगा। लैंड ग्रांट पैटर्न का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि शिक्षण, शोध और विस्तार तीनों एक दूसरे से अटूट रूप से जुड़े हैं। इन्हीं के माध्यम से समाज की सेवा करते हुए विश्वविद्यालय के ध्वज को राज्य,





राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर ऊंचा रखना हमारा मुख्य लक्ष्य है।प्रोफेसर कश्यप ने अनुशासन के साथ-साथ मानवीय मूल्यों पर जोर देते हुए कहा कि किसी भी संस्थान की वास्तविक पहचान केवल नियमों से नहीं, बल्कि वहां के लोगों के संस्कार, आपसी सम्मान और कार्य के प्रति प्रतिबद्धता से होती है। उन्होंने कहा कि जब सभी सदस्य एकजुट होकर टीम भावना के साथ कार्य करते हैं, तभी एक मजबूत कार्य संस्कृति विकसित होती है। उन्होंने विश्वविद्यालय प्रबंधन और कार्मिकों को पारदर्शिता, समयबद्धता, उत्तरदायित्व और सकारात्मक सोच अपनाने के लिए प्रेरित किया। कुलपति ने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को संस्थान को एक परिवार मानकर अपने दायित्वों का निर्वहन करना चाहिए। विश्व विद्यालय को उत्कृष्टता के नए मानक स्थापित करने होंगे, जिसके लिए गुणवत्तापूर्ण शिक्षण, उन्नत शोध और आधुनिक तकनीकों के समावेश पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। कृषि और ग्रामीण विकास की चर्चा करते हुए कुलपति ने कहा कि किसानों की आय में वृद्धि, कृषि नवाचार और ग्रामीण उत्थान से जुड़े कार्यक्रमों को प्राथमिकता दी जाएगी। उन्होंने वैज्ञानिकों और शिक्षकों से अपेक्षा की कि वे अपने शोध कार्यों को अधिक व्यावहारिक और किसानों की जरूरतों के अनुरूप बनाएं। छात्रों को प्रेरित करते हुए उन्होंने कहा कि वे केवल डिग्री तक सीमित न रहकर अपने ज्ञान और कौशल का उपयोग समाज हित में करें। इससे पूर्व गांधी हॉल में कुलसचिव डॉ. दीपा विनय ने कुलपति का स्वागत किया और उनकी जीवनी व अकादमिक उपलब्धियों पर प्रकाश डाला। संबोधन से पहले कुलपति ने विश्वविद्यालय प्रबंधन समिति के सदस्यों के साथ बैठक कर सभी अधिष्ठाता एवं निदेशकों को विश्वविद्यालय हित में सर्वश्रेष्ठ सेवाएं देने के निर्देश दिए। इसके पश्चात उन्होंने कृषि संचार विभाग का भ्रमण किया, जहां संकाय सदस्यों और छात्रों ने उनका सम्मान किया।

## राष्ट्रीय पसमांदा सम्मेलन में पीएम को भेजा 8 सूत्रीय ज्ञापन

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ में ऑल इंडिया मोमिन अंसार सभा का 16वां राष्ट्रीय पसमांदा सामाजिक एवं सियासी वकार बचाओ सम्मेलन संपन्न हुआ। जिसमें उत्तराखंड प्रदेश अध्यक्ष जहीर आलम अंसारी के नेतृत्व में प्रतिनिधि मंडल ने प्रतिभाग किया। घ्सम्मेलन की अध्यक्षता राष्ट्रीय अध्यक्ष मोहम्मद अकरम अंसारी ने की। इस अवसर पर उत्तर प्रदेश सरकार के अल्पसंख्यक कल्याण, मुस्लिम वक्फ एवं हज राज्यमंत्री दानिश आजाद अंसारी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।सम्मेलन के दौरान राष्ट्रीय अध्यक्ष मोहम्मद अकरम अंसारी, उत्तराखंड के प्रदेश अध्यक्ष जहीर आलम अंसारी, मध्य प्रदेश के अध्यक्ष हाजी रिजवान अंसारी द्वारा मुख्य अतिथि दानिश आजाद अंसारी के माध्यम से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को एक 8 सूत्रीय माँग पत्र प्रेषित किया गया। ज्ञापन में पसमांदा समाज की दशकों पुरानी और जायज माँगों को पुरजोर तरीके से उठाया गया है। ज्ञापन में कहा गया अनुच्छेद 341 के पैरा तीन से पाबंदी हटाकर दलित



पसमांदा मुस्लिमों को भी आरक्षण का लाभ दिया जाए। उत्तर प्रदेश में ओबीसी के 27 प्रतिशत कोटे के भीतर पिछड़े पसमांदा मुस्लिमों के लिए 9 प्रतिशत कोटा अलग से निर्धारित हो। घ्बुनकरों को पूर्व की भाँति फिक्स रेट पर बिजली दी जाए और विभागीय उत्पीड़न बंद हो। अल्पसंख्यक विभाग द्वारा गरीब छात्रों एवं युवाओं को दिए गए पुराने ऋणों पर ब्याज माफी की योजना लाई जाए। घ्सरकारी बैठकों और योजनाओं के क्रियान्वयन में मोमिन अंसार सभा के पदाधिकारियों को भी आमंत्रित किया जाए। पसमांदा समाज की विभिन्न जातियों हल्वाई, हसीरी, कसगर, दाऊदी आदि के जाति प्रमाण पत्र बनाने में आ रही दिक्कतों को दूर किया जाए। सम्मेलन को संबोधित करते हुए जहीर आलम अंसारी ने कहा कि उत्तराखंड का पसमांदा समाज अब अपने अधिकारों के प्रति जागरूक हो चुका है। उन्होंने स्पष्ट किया कि सत्ता के निर्णयों में भागीदारी हमारा लक्ष्य है और हम अपनी आबादी के अनुपात में राजनीति व शासन में हिस्सेदारी लेकर रहेंगे। सम्मेलन में उत्तराखंड, उत्तर प्रदेश, बिहार, दिल्ली, झारखंड, महाराष्ट्र और राजस्थान सहित 15 से अधिक राज्यों के प्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम का संचालन राष्ट्रीय महासचिव नसीम अंसारी ने किया। इस दौरान विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाली विभूतियों को सम्मानित भी किया गया।

## चैकिंग अभियान में काटे 219 वाहनों के चालान, दस वाहन किए सीज

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। जिलाधिकारी ललित मोहन रयाल के निर्देशों के क्रम में जनपद में यातायात व्यवस्था को सुचारू और सुरक्षित बनाने के उद्देश्य से परिवहन विभाग द्वारा व्यापक चेकिंग अभियान चलाया गया। नैनीताल शहर एवं उससे जुड़े प्रमुख संपर्क मार्गों पर संचालित इस विशेष अभियान के तहत नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन स्वामियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई अमल में लाई गई। प्रशासन की इस सक्रियता से नियम विरुद्ध वाहन चलाने वालों में हड़कंप मचा रहा।अभियान के दौरान परिवहन विभाग की टीम ने विभिन्न श्रेणियों के कुल 219 वाहनों के चालान किए। विभाग द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार, नियमों की अनदेखी करने वाली 53 रेंटल बाइक, 90 टैक्सी व मैक्सी, 25 भारी वाहन तथा 51 अन्य वाहनों पर चालानी कार्रवाई की गई। इसके अतिरिक्त गंभीर उल्लंघन पाए जाने पर 10 वाहनों को मौके पर ही सीज कर दिया गया, जबकि 49 वाहनों के परमिट के विरुद्ध भी वैधानिक कार्रवाई की गई।यह विशेष अभियान विभिन्न दिनों में चरणबद्ध तरीके से चलाया गया, जिसमें मुख्य रूप से ओवरलोडिंग, बिना परमिट के संचालन और यातायात नियमों की अवहेलना करने वाले चालकों पर पैनी नजर रखी गई। जिला प्रशासन ने स्पष्ट संदेश दिया है कि जनपद की सड़कों पर सुरक्षा मानकों से समझौता नहीं किया जाएगा और यातायात व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए इस प्रकार के औचक निरीक्षण व चेकिंग अभियान भविष्य में भी निरंतर जारी रहेंगे। प्रशासन ने आमजन और वाहन चालकों से अपील की है कि वे सड़क सुरक्षा नियमों का अनिवार्य रूप से पालन करें, ताकि किसी भी प्रकार की दंडात्मक कार्रवाई से बचा जा सके और यात्रा सुरक्षित रहे।






## पूर्व विधायक ठुकराल ने किया मां काली पूजा का शुभारंभ

रुद्रपुर राधाकांतपुर में आयोजित श्री श्री सार्वजनिक मां काली पूजा का पूर्व विधायक एवं कांग्रेस नेता राजकुमार ठुकराल ने विधि विधान से पूजा अर्चना कर शुभारंभ किया। इस अवसर पर पूजा पंडाल पहुंचने पर आयोजन समिति ने पूर्व विधायक का भव्य स्वागत किया और उन्हें अंगवस्त्र भेंट कर सम्मानित किया। राजकुमार ठुकराल ने मां काली के चरणों में शीश नवाकर क्षेत्र की खुशहाली और सुख समृद्धि की कामना की। इस अवसर पर राजकुमार ठुकराल ने कहा कि धार्मिक आयोजन समाज में आपसी भाईचारे




और सात्विक ऊर्जा का संचार करते हैं। मां काली शक्ति की अधिष्ठात्री देवी हैं और उनकी पूजा से भक्तों को निर्भयता और आत्मबल प्राप्त होता है। उन्होंने आयोजन समिति के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि इस तरह के आयोजन हमारी सांस्कृतिक और आध्यात्मिक धरोहर को जीवंत बनाए रखते हैं। कार्यक्रम में श्रद्धालुओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और मां काली के दर्शन कर पुण्य लाभ कमाया। इस अवसर पर जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि तेज सिंह, पूर्व बीडीसी सदस्य प्रमोद बोरा, आनंद शर्मा, रजत वैध, अंकित बठला, सुमिरन पाण्डे, मंगल, उत्तम, सुशांत राय, पंकज मण्डल, बाबू सरदार, तुषार मिस्त्री, निषित मण्डल और सिमरन मण्डल सहित अनेक श्रद्धालु उपस्थित रहे। आयोजन समिति ने कार्यक्रम के सफल संचालन के लिए सभी सहयोगियों का आभार व्यक्त किया।

# मातृ मृत्यु दर रोकने को जिलाधिकारी ने दिए कड़े निर्देश

## अवैध प्रसव कराने वाली दाइयों और निजी अस्पतालों पर होगी एफआईआर

रुद्रपुर (उद संवाददाता)। जिलाधिकारी नितिन सिंह भदौरिया की अध्यक्षता में जिला सभागार में जनपद के भीतर मातृ मृत्यु दर की स्थिति को लेकर एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक संपन्न हुई। इस बैठक में स्वास्थ्य विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ मातृ मृत्यु के विभिन्न कारणों और भविष्य में इसकी रोकथाम के उपायों पर विस्तृत विचार विमर्श किया गया। जिलाधिकारी ने स्वास्थ्य विभाग को कड़े निर्देश देते हुए कहा कि हाई रिस्क प्रेगनेंसी वाले मामलों की समय रहते पहचान की जाए और उनकी विशेष निगरानी सुनिश्चित की जाए। उन्होंने स्पष्ट किया कि आशा एवं एएनएम के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों में गर्भवती महिलाओं के पंजीकरण एवं नियमित जांच प्रक्रिया में किसी भी प्रकार की शिथिलता न बरती जाए। प्रसव के दौरान रेफरल सिस्टम को और अधिक सुदृढ़ एवं प्रभावी बनाया जाए ताकि आपातकालीन स्थिति में कीमती समय की बचत हो सके और जच्चा बच्चा को समय पर उपचार मिल सके।जिलाधिकारी ने स्वास्थ्य विभाग को ऐसे निजी चिकित्सालयों को चिन्हित करने के निर्देश दिए जहाँ पंजीकृत चिकित्सकों की अनुपस्थिति या उनकी निगरानी के बिना प्रसव कराए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि ऐसे संस्थानों का स्वास्थ्य विभाग द्वारा समय समय पर आकस्मिक निरीक्षण किया जाए और अनियमितता पाए जाने पर कठोर वैधानिक कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। जिलाधिकारी ने सख्त रुख अपनाते हुए कहा कि गृह प्रसव कराने वाली दाइयों की भी सतत निगरानी रखी जाए और यदि कोई दाई अवैध रूप से प्रसव कराती हुई पाई जाती है तो उसके विरुद्ध एफआईआर दर्ज




कराई जाए। इसके साथ ही उन्होंने चेतावनी दी कि यदि कोई आशा कार्यकत्री गर्भवती महिलाओं को निजी चिकित्सालयों में ले जाते हुए पाई जाती है तो संबंधित आशा वर्कर के खिलाफ तत्काल कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने दोहराया कि मातृ मृत्यु दर को कम करना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है और इस दिशा में किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।बैठक के दौरान मुख्य चिकित्साधिकारी केके अग्रवाल ने बताया कि जनपद में अब तक कुल 18 मातृ मृत्यु के मामले सामने आए थे, जिनमें से 11 मामलों की विस्तृत समीक्षा पहले ही की जा चुकी है और आज शेष 7 नए मामलों की समीक्षा पूर्ण कर ली गई है। अधिकारियों ने मृत्यु के कारणों का विश्लेषण करते हुए प्रत्येक केस की रिपोर्ट का बारीकी से अध्ययन किया। इसमें प्रसव के दौरान होने वाली जटिलताओं, एनीमिया यानी खून की कमी तथा समय पर अस्पताल न पहुँच पाने जैसे गंभीर कारणों पर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी दिवेश शाशनी, मुख्य चिकित्सा अधिकारी केके अग्रवाल, एसीएमओ डीपी सिंह, पीएमएस आरके सिंह सहित जनपद के सभी चिकित्सा अधीक्षक, डीपीएम हिमांशु, चांद मियां, डीसीएम निधि शर्मा, डीपीओ मोहम्मद आमिर खान एवं सितारगंज, बाजपुर व गदरपुर के ब्लॉक कार्यक्रम प्रबंधक उपस्थित रहे।


धर्मनिष्ठ एवं राष्ट्रसेवा के प्रति समर्पित जनसेवक लोकप्रिय
मा. महापौर
श्री विकास शर्मा जी
को
जन्मदिन
की
हार्दिक शुभकामनाएं
29
अप्रैल
Happy Birthday


धर्मनिष्ठ एवं राष्ट्रसेवा के प्रति समर्पित जनसेवक लोकप्रिय
मा. महापौर
श्री विकास शर्मा जी
को
जन्मदिन
की
हार्दिक शुभकामनाएं
29
अप्रैल
Happy Birthday


धर्मनिष्ठ एवं राष्ट्रसेवा के प्रति समर्पित जनसेवक लोकप्रिय
मा. महापौर
श्री विकास शर्मा जी
को
जन्मदिन
की
हार्दिक शुभकामनाएं
29
अप्रैल
Happy Birthday

## उत्तरांचल दर्पण सम्पादकीय

सत्यम् शिवम् सुन्दरम्

# भीषण गर्मी के तेवर

अप्रैल 2026 में गर्मी ने अपने सभी रिकॉर्ड तोड़ दिए हैं और उत्तर, मध्य व पूर्वी भारत में भीषण लू के कारण तापमान 43–47डिग्री से.तक पहुँच गया है। यह सामान्य से बहुत अधिक है, जो जलवायु परिवर्तन और अल नीनो के असर की ओर इशारा करता है। भीषण गर्मी ने जनजीवन अस्त–व्यस्त कर दिया है और यह अप्रैल महीने में जून जैसी गर्मी का एहसास करा रही है। हर वर्ष अप्रैल में गर्मी की शुरुआत हो जाती है, लेकिन इस साल तापमान के जो तेवर दिख रहे हैं, उससे यह साफ है कि मौसम में यह उतार–चढ़ाव सामान्य नहीं है। समूचे उत्तर भारत में भीषण गर्मी और लू की वजह से जनजीवन अस्त–व्यस्त हो चुका है और कई शहरों में तापमान चालीस से बयालीस डिग्री सेल्सियस के ऊपर पहुंच गया है।जिन दिनों लोग मई–जून की तेज गर्मी के लिए खुद को तैयार कर रहे होते हैं, उनका शरीर धीरे–धीरे अभ्यस्त हो रहा होता है, उसमें हालत यह है कि चिलचिलाती ध ूप की वजह से बहुत सारे लोगों के लिए सड़कों पर निकलना मुश्किल हो गया है और मौसम विभाग की ओर से सतर्क रहने के लिए चेतावनी जारी करनी पड़ रही है।उसने जो पूर्वानुमान जारी किया, उसके मुताबिक आने वाले कुछ दिनों के दौरान देश के अलग–अलग हिस्सों में मिला–जुला मौसम बना रहेगा, जिसमें कहीं भीषण गर्मी के कारण स्वास्थ्य समस्याएं बढ़ेंगी, तो कहीं थोड़ी राहत मिल सकती है। दरअसल, सक्रिय पश्चिमी विक्षोभ की वजह से उत्तर भारत के कई राज्यों में लू, उमस भरी गर्मी और गर्म रातों में आम लोगों की परेशानियां बढ़ गई हैं। वहीं कुछ इलाकों में आंधी और बिजली गिरने की घटनाओं में बढ़ोतरी हुई है।मौसम की अपनी गति होती है और उसमें उतार–चढ़ाव की वजहें भी प्रकृति के चक्र का हिस्सा होती हैं। मगर पिछले काफी समय से जिस तरह वैश्विक ताप में बढ़ोतरी की वजह से गर्मी के दिनों में जटिलताएं खड़ी हो रही हैं, वह निश्चित रूप से दुनिया के लिए चिंता का विषय होना चाहिए। अंदाजा इससे लगाया जा सकता है कि दिल्ली में इस गर्मी में अधिकतम तापमान पैंतालीस डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया, जो आमतौर पर मई के उत्तरार्ध और जून में दर्ज किया जाता रहा है।इस वर्ष पश्चिमी विक्षोभ और तूफानों में भी कमी देखी गई, वहीं पिछले अल–नीनो के प्रभाव की वजह से गर्मी में सामान्य से ज्यादा बढ़ोतरी हुई है। अगले दो–तीन दिनों में हल्की बारिश और मौसम में बदलाव का अनुमान है, लेकिन जाहिर है, तापमान में व्यापक उथल–पुथल और लू की आशंकाओं के बीच तेज धूप में निकलने से बचने, पानी पीते रहने और अन्य स्तर पर सावधानी ही बचाव का बेहतर उपाय है। भारतीय मौसम विज्ञान विभाग ने राजधानी दिल्ली में आगामी 29 अप्रैल को तेज आंधी–तूफान संग बारिश की 'पीली चेतावनी' जारी की है। आईएमडी के अनुसार, पूरे दिन घने बादल छाए रहने के साथ ही गरज, बिजली व तेज हवाओं संग एक से दो बार बारिश होने की संभावना है।

# पतरामपुर में सरकार जनता के द्वार कार्यक्रम आयोजित

रुद्रपुर (उद संवाददाता)। ग्राम पतरामपुर में 'सरकार जनता के द्वार' कार्यक्रम के तहत ग्रामीणों की बैठक आयोजित की गई, जिसमें उनकी समस्याओं का समाधान करने के साथ ही सरकार की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी गई। इस दौरान मुख्य कृषि अधिकारी डॉक्टर विकेश कुमार सिंह यादव ने किसानों को 'धरती माता बचाओ अभियान' के प्रति जागरूक किया। उन्होंने बताया कि मृदा स्वास्थ्य कार्ड की संस्तुति के आधार पर रसायनिक उर्वरकों का प्रयोग करने से न केवल फसलों का अधिकतम उत्पादन प्राप्त होगा, बल्कि लागत में कमी आने से किसानों को अधि क लाभ मिलेगा। किसानों को रसायनिक खाद पर निर्भरता कम करने के लिए हरी खाद, जैविक खाद और जैव उर्वरक जैसे एजोटोवेक्टर, राइजोवियम, पीएसवी एवं पीएसएम के उपयोग की सलाह दी गई।मुख्य कृषि अधिकारी ने अवगत कराया कि जनपद में वर्तमान में रसायनिक उर्वरक पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध हैं, इसलिए किसान केवल आवश्यकतानुसार ही खाद का क्रय करें और घर पर अनावश्यक भंडारण न करें। उन्होंने विभाग द्वारा संचालित बीज अनुदान योजनाओं की



जानकारी देते हुए बताया कि धान के बीज पर 50 प्रतिशत (अधिकतम 2000 रुपये प्रति कुंतल) तथा दलहन एवं तिलहन पर 50 प्रतिशत (अधिकतम 5000 रुपये प्रति कुंतल) का अनुदान दिया जा रहा है। इसके अतिरिक्त सूक्ष्म पोषक तत्व और कृषि रक्षा रसायनों पर भी लागत का 50 प्रतिशत अनुदान उपलब्ध है, जो एक किसान को अधिकतम दो हेक्टेयर तक के लिए देय होगा। इच्छुक किसान अपने निकटतम कृषि निवेश केंद्र से इसके लिए संपर्क कर सकते हैं।किसानों को पारंपरिक गेहूं–धान के स्थान पर सुगंधित एवं औषधीय पौधों की खेती अपनाने के लिए प्रेरित किया गया, क्योंकि इन फसलों को जंगली व आवारा पशु नुकसान नहीं पहुंचाते हैं और इनका बाजार मूल्य भी अधिक है। आत्मा योजना के अंतर्गत उत्कृष्ट कार्य करने वाले कृषकों को पुरस्कृत करने की जानकारी भी दी गई। इसमें विकास खंड स्तर पर शकिसान श्रीश के तहत 10 हजार रुपये, जनपद स्तर पर शकिसान भूषणश के तहत 25 हजार रुपये और राज्य स्तर पर शकिसान रत्नश के रूप में 50 हजार रुपये के साथ प्रमाण पत्र प्रदान किया जाता है। इसके लिए किसान अपने विकास खंड कार्यालय से आवेदन कर सकते हैं।बैठक में किसानों से अपनी डिजिटल फार्मर आईडी (फार्मर रजिस्ट्री) तत्काल बनवाने का विशेष अनुरोध किया गया। अधि कारियों ने स्पष्ट किया कि भविष्य में भूमि आधारित रसायनिक उर्वरकों सहित अन्य सभी योजनाओं का लाभ इसी आईडी के आधार पर प्राप्त होगा। इस कार्य के लिए ग्राम और विकास खंड स्तर पर कर्मचारी गांव–गांव जाकर रजिस्ट्री कर रहे हैं। इसके अतिरिक्त किसान स्वयं पोर्टल के माध्यम से या जन सेवा केंद्रों पर जाकर भी अपनी डिजिटल आईडी बनवा सकते हैं। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में कृषक और विभागीय कर्मचारी उपस्थित रहे।

# पूर्व विधायक डॉ. प्रेम सिंह राणा ने सुनीं जनसमस्याएं

नानकमत्ता। क्षेत्र के पूर्व विधायक डॉ. प्रेम सिंह राणा ने जनसंपर्क अभियान के तहत क्षेत्र का दौरा कर ग्रामीणों की समस्याएं सुनीं और उनके शीघ्र समाधान का भरोसा दिलाया। इस दौरान उन्होंने संबंधि त विभागों के अधिकारियों से वार्ता कर समस्याओं के त्वरित निस्तारण के निर्देश भी दिए। विधानसभा क्षेत्र के झनकट क्षेत्र में पहुंचे डॉ. राणा ने गांव–गांव जाकर लोगों से सीधा संवाद किया। ग्रामीणों ने उनके समक्ष सड़क, बिजली, पानी, राशन कार्ड, पेंशन और अन्य मूलभूत सुविधाओं से जुड़ी समस्याएं रखीं। कई ग्रामीणों ने बताया कि लंबे समय से शिकायतों के बावजूद समाध ान नहीं हो पा रहा है, जिस पर पूर्व विधायक ने गंभीरता दिखाते हुए मौके पर ही संबंधि त अधिकारियों से फोन पर बातचीत की और समस्याओं के शीघ्र समाधान के निर्देश दिए। डॉ. राणा ने कहा कि जनता की



समस्याओं का समाधान उनकी प्राथमिकता है और वह हर संभव प्रयास करेंगे कि लोगों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। उन्होंने अधिकारियों को चेतावनी देते हुए कहा कि जनहित से जुड़े मामलों में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इस दौरान ग्रामीणों ने पूर्व विधायक का स्वागत करते हुए अपनी उम्मीदें जताईं और समस्याओं के समाधान को लेकर सकारात्मक प्रतिक्रिया व्यक्त की। इस मौके पर गबरू सिंह, ललित बोरा, प्रधान पति ओम नारायण, रवि सिंह, हरीश सिंह, घनश्याम सिंह, गुरबचन सिंह मौजूद रहे।

# महिला आरक्षण के लिए कांग्रेस करेगी आंदोलन : गोदियाल

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। उत्तराखंड प्रदेश में महिलाओं को अविलंब 33 प्रतिशत आरक्षण लागू किए जाने की मांग को लेकर मंगलवार को कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष गणेश गोदियाल के नेतृत्व में जिला कांग्रेस कमेटी एवं हल्द्वानी महानगर कांग्रेस कमेटी द्वारा डॉ. भीमराव अंबेडकर पार्क, मंगलपड़ाव में धरना कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष गणेश गोदियाल ने सर्वप्रथम बाबा साहेब की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। उन्होंने धरना स्थल पर उपस्थित समस्त कांग्रेसजनों का आभार व्यक्त करते हुए अपने संबोधन में कहा कि वर्ष 2023 में पारित महिला आरक्षण विध ेयक को केंद्र सरकार द्वारा जानबूझकर लागू नहीं किया जा रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार महिला आरक्षण के मुद्दे को परिसीमन एवं अन्य प्रक्रियाओं में उलझाकर टालने का प्रयास कर रही है। उन्होंने स्पष्ट कहा कि कांग्रेस पार्टी की मांग है कि वर्ष 2027 के विधानसभा चुनाव वर्तमान 70 सीटों के आधार पर ही 33 प्रतिशत महिला आरक्षण लागू करते हुए संपन्न कराए जाएं। यदि सरकार की नीयत साफ है, तो तत्काल प्रभाव से इस दिशा में ठोस निर्णय लिया जाना चाहिए। श्री गोदियाल ने कहा कि महिला सशक्तिकरण केवल घोषणाओं से नहीं, बल्कि ठोस नीतिगत निर्णयों और उनके प्रभावी क्रियान्वयन से सुनिश्चित होता है। कांग्रेस पार्टी इस मुद्दे पर पूरी मजबूती से महिलाओं के साथ खड़ी है और उनके अधिकारों के लिए निरंतर संघर्षरत रहेगी। जिलाध्यक्ष राहुल छिमवाल एवं हल्द्वानी महानगर अध्यक्ष गोविंद सिंह बिष्ट ने संयुक्त रूप से कहा कि प्रदेश भर में कांग्रेस कार्यकर्ता महिलाओं के अधिकारों के लिए सड़कों पर संघर्ष कर रहे हैं।उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार महिलाओं के मुद्दों को गंभीरता से लेने के बजाय उन्हें राजनीतिक रूप से भटकाने का प्रयास कर रही है। कांग्रेस पार्टी महिलाओं को उनका संवैधानिक अधिकार दिलाने के



लिए जनआंदोलन को और तेज करेगी। महिला जिलाध्यक्ष खष्टी बिष्ट ने कहा कि आज की महिला जागरूक है और अपने अधिकारों के प्रति सजग है। महिला आरक्षण को लेकर अब किसी भी प्रकार की देरी स्वीकार्य नहीं है। उन्होंने मातृशक्ति से आह्वान किया कि वे इस आंदोलन को मजबूत बनाएं और अपने अधिकारों के लिए एकजुट होकर आवाज बुलंद करें। पूर्व सांसद महेंद्र पाल ने कहा कि महिला आरक्षण देश के सामाजिक एवं राजनीतिक संतुलन के लिए अत्यंत आवश्यक है और इसे शीघ्र लागू किया जाना चाहिए। पूर्व विधायक रंजीत रावत ने कहा कि भाजपा सरकार महिलाओं के मुद्दों को गंभीरता से लेने में विफल रही है और जनता अब इस सच्चाई को समझ चुकी है। पूर्व विधायक संजीव आर्य ने कहा कि कांग्रेस पार्टी ने हमेशा महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए कार्य किया है और आगे भी यह संघर्ष जारी रहेगा। अंत में धरना स्थल पर उपस्थित सभी नेताओं ने एक स्वर में कहा कि यदि शीघ्र ही महिला आरक्षण लागू नहीं किया गया, तो कांग्रेस पार्टी प्रदेशभर में आंदोलन को और व्यापक रूप देगी। इस दौरान मुख्य रूप से पूर्व जिलाध्यक्ष सतीश नैनवाल, पूर्व महानगर अध्यक्ष हरीश मेहता, पूर्व विधायक नारायण पाल, ललित जोशी, पूर्व जिलाध्यक्ष नारायण बिष्ट, ब्लॉक अध्यक्ष हेम पांडे, मोहन बिष्ट, संतोष, प्रदीप बथयाल, किरन माहरा, हेमन्त बगड़वाल, नरेश अग्रवाल, गिरीश पांडे, सुमित्तर भुल्लर, दीपू चनोतिया, युवक कांग्रेस महानगर अध्यक्ष सुमित कुमार, मीमांसा आर्य, नीमा भट्ट, विमला सांगूड़ी, गीता बहुगुणा, निर्मला जोशी, उर्मिला ध ामी, मलय बिष्ट, मयंक भट्ट, कानू बिष्ट, हिमांशु जोशी, संजू उप्रेती, बबलू बिष्ट, अमित रावत, उदित करायत, नीरज तिवारी, नंदन दुर्गापाल, भोला भट्ट, कुंदन मेहता ,हिमांशु पांडे, ब्लॉक अध्यक्ष राजेंद्र कोटलिया, दीवान सिंह बिष्ट, लाखन नेगी, पुष्पा नेगी, अर्नव कम्बोज, कानू बिष्ट, संजय कीरोला, दीप सती, ब्लॉक अध्यक्ष संतोष पाण्डे, किरन मेहरा, गोविन्द बिष्ट , कैलाश दुमका, उमेश कबडवाल, इन्दर पाल आर्य, संदीप जोशी, प्रयाग भट्ट, हेमंत बगढ़वाल, दीपक शाह, सुहेल सिद्दकी, केदार पड़लिया, हरीश पनेरू, राजू दुर्गापाल सहित सैकड़ो कांग्रेस कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी उपस्थित रहे। धरना कार्यक्रम के उपरांत प्रदेश अध्यक्ष गणेश गोदियाल बुद्ध पार्क गये और आंगनबाड़ी महिलाओं के धरने को समर्थन दिया।

# मेधावी छात्र संवाद कार्यक्रम में जिलाधिकारी ने साझा किए अपने छात्र जीवन के अनुभव

रुद्रपुर (उद संवाददाता)। उत्तराखंड बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले जनपद के मेधावी विद्यार्थियों के लिए आज एक विशेष प्रेरणादायी संवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर जिलाधिकारी नितिन सिंह भदौरिया ने विद्यार्थियों के साथ अपने छात्र जीवन से लेकर सिविल सेवा तक के संघर्षपूर्ण सफर को साझा करते हुए सफलता के महत्वपूर्ण मंत्र दिए। उन्होंने शानदार प्रदर्शन के लिए सभी मेध ावियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की और इस सफलता में शिक्षकों व अभिभावकों के योगदान की भी सराहना की।संवाद के दौरान विद्यार्थियों ने लक्ष्य निर्धारण, नीट की तैयारी और विषयों के चयन को लेकर कई सवाल पूछे। एक छात्र द्वारा कला वर्ग में रुचि होने के बावजूद विज्ञान लेने के दबाव संबंधी प्रश्न पर जिलाधिकारी ने स्पष्ट किया कि जीवन में उसी क्षेत्र का चुनाव करना चाहिए जिसमें वास्तविक रुचि हो, क्योंकि उसी में निरंतरता और उत्कृष्टता संभव है। उन्होंने युवाओं को खेल, संगीत, नृत्य और अन्य रचनात्मक गतिविधियों से जुड़ने के लिए प्रेरित किया ताकि व्यक्तित्व का सर्वांगीण विकास हो योजनाबद्ध अभ्यास से मिलती है। उन्होंने विद्यार्थियों को पाठ्यक्रम की गहरी समझ विकसित करने, समय प्रबंधन और अनुशासन बनाए रखने पर का चयन करने की सलाह देते हुए उन्होंने कहा कि प्रतिस्पर्धी वातावरण सीखने की क्षमता को और अधिक निखारता है।कार्यक्रम के समापन पर जिलाधिकारी अपर जिलाधिकारी कौस्तुभ मिश्र, प्रभारी मुख्य शिक्षा अधिकारी सावेद आलम, जिला आपदा प्रबंधन अधिकारी उमा शंकर नेगी सहित अनेक शिक्षक






उन्होंने विद्यार्थियों को संतुलित जीवनशैली अपनाने की सलाह देते हुए कहा कि पढ़ाई के साथ मानसिक स्वास्थ्य का ध्यान रखना भी आवश्यक सके।जिलाधिकारी ने प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के संबंध में सुझाव देते हुए कहा कि सफलता केवल कड़ी मेहनत से नहीं, बल्कि सही दिशा और जोर दिया। उन्होंने कहा कि हर क्षेत्र में भविष्य की अपार संभावनाएं मौजूद हैं, बस अपने लक्ष्य के प्रति समर्पण आवश्यक है। बेहतर शैक्षणिक संस्थानों द्वारा सभी मेधावी छात्र–छात्राओं को उपयोगी पुस्तकें, बैग एवं मिष्ठान वितरित कर सम्मानित किया गया। इस दौरान मुख्य विकास अधिकारी दिवेश शाशनी, और अभिभावक उपस्थित रहे। इस संवाद कार्यक्रम से विद्यार्थियों को अपने करियर के प्रति नई ऊर्जा और सकारात्मक दृष्टिकोण प्राप्त हुआ।

## मनीष आर्य की लिखित पुस्तक देवभूमि डिजिटल दीदी का विमोचन

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। जिला उद्योग केंद्र के सभागार में आयोजित एक समारोह में उत्तराखंड की महिलाओं और युवाओं को सशक्त बनाने की दिशा में एक बड़ा कदम उठाया गया। मोटिवेशनल स्पीकर और इंस्ट्रक्टर मनीष आर्य द्वारा लिखित पुस्तक 'देवभूमि डिजिटल दीदी' का औपचारिक विमोचन मुख्य अतिथि श्रीमती रेनू अधिकारी (अध्यक्ष, उत्तराखंड महिला उद्यमिता परिषद, उत्तराखंड सरकार) और विशिष्ट अतिथि श्रीमती पल्लवी गुप्ता (महाप्रबंधक, जिला उद्योग केंद्र, हल्द्वानी) के कर-कमलों द्वारा संपन्न हुआ। डिजिटल साक्षरता से आत्मनिर्भरता की ओर पुस्तक का विमोचन करते हुए मुख्य अतिथि श्रीमती रेनू अधिकारी ने कहा मनीष आर्य की यह पुस्तक उत्तराखंड की मातृशक्ति को डिजिटल युग की मुख्यधारा से जोड़ने में मील का पत्थर साबित होगी। श्देवभूमि डिजिटल दीदीश के माध्यम से महिलाएं घर बैठे सरकारी योजनाओं और डिजिटल उद्यमिता का लाभ उठा सकेंगी। साथ ही वर्कशॉप का आयोजन किया जायेगा।




विशिष्ट अतिथि श्रीमती पल्लवी गुप्ता ने पुस्तक की सराहना करते हुए बताया कि इसमें स्वरोजगार, डिजिटल मार्केटिंग और एमएसएमई के लाभों को बहुत सरल भाषा में समझाया गया है, जो स्थानीय उद्यमियों के लिए एक मार्गदर्शिका का कार्य करेगी।मनीष आर्य ने अपने महत्वाकांक्षी प्रोजेक्ट श्ज्ञान गुल्लकश के बारे में विस्तार से जानकारी साझा की। उन्होंने बताया कि श्ज्ञान गुल्लकश केवल एक पोर्टल नहीं, बल्कि एक ऐसा मंच है जहाँ विद्यार्थी और महिलाएं ष्अपने ज्ञान से गुल्लक अर्जितष् कर सकते हैं। मनीष आर्य ने कहा, ष्हमारा उद्देश्य है कि शिक्षा केवल डिग्री तक सीमित न रहे। श्ज्ञान गुल्लकश के माध्यम से हम छात्रों को उनकी स्किल और ज्ञान के आधार पर रिवॉर्ड्स प्रदान करेंगे। इसका मूल मंत्र हैसीखो, बढ़ो और अपने कौशल से अपनी आर्थिक गुल्लक को भरो।ष वरिष्ठ सहायक शैलेन्द सिंह ने पुस्तक की तारीफ करते हुए महिलाओ के मनोबल को बढ़ाया और हर्ष के साथ ज्ञान के आधार पर गुल्लक भरने का मूलमंत्र दिया। कार्यक्रम के दौरान लेखक मनीष आर्य ने संकल्प लिया कि इस पुस्तक और श्ज्ञान गुल्लकश ऐप के माध्यम से उत्तराखंड के जिलों में व्यापक स्तर पर प्रशिक्षण अभियान चलाया जाएगा। लक्ष्य है कि हर गांव में एक डिजिटल दीदी और डिजिटल योद्धा तैयार हो, जो राज्य की अर्थव्यवस्था में अपना योगदान दे सके। कार्यक्रम में नैनीताल जिले के कई प्रमुख उद्यमी, सामाजिक कार्यकर्ता और छात्र उपस्थित रहे। अंत में उपस्थित अतिथियों को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया।

## चैती मेला समाप्त, चला सफाई अभियान

काशीपुर। चैती मेला समाप्ति के उपरांत निगम द्वारा बुधवार सुबह मेला परिसर में स्वच्छता अभियान चलाया गया। इस दौरान कुछ सामाजिक संगठनों, विद्यालयों, उद्योगों से जुड़े लोगों और आम नागरिकों ने भी भागीदारी निभाई। अभियान में नगर आयुक्त रविंद्र सिंह बिष्ट, अभय प्रताप सिंह,विनोद लाल शाह, शालिनी नेगी, विकास शर्मा, डॉक्टर अमरजीत सिंह साहनी, मनोज बिष्ट, पवन अग्रवाल, चंद्रप्रभा, अर्जुन सिंह, विजय कुमार, प्रिंस बाली, संदीप मोनू, अशोक सैनी, सतीश शर्मा, अनिल कुमार, दीपा पाठक, सीमा सागर, अब्दुल कादिर, अनिल शर्मा, ईश्वर चंद्र गुप्ता, राजीव अरोड़ा, अभिषेक गोयल, राकेश नरूला मोहित भारद्वाज विवेक बिश्नोई जगदीश बिश्नोई जसवीर सिंह राठी अजय कुमार बन्नू राजेश कुमार रवि कुमार बेदी विजय शर्मा चौधरी समरपाल एसपी गुप्ता जगमोहन बंटी डी पी सिंह राकेश चंद्र महेश मठपाल दीपक कुमार सारांश संस्कृति नीरज कांडपाल शिवेंद्र कठायत रेखा सिंह अंजू चावला मनीष बंसल शशांक चौधरी समरपाल सिंह आदि का विशेष योगदान रहा।



## शिवनगर में दो मई को सजेगा श्याम बाबा का भव्य दरबार

रुद्रपुर। श्री खाटू श्याम सेवा समिति शिवनगर के तत्वावधान में आगामी दो मई को इंडियन पब्लिक स्कूल शिवनगर



में तृतीय भव्य श्री श्याम संकीर्तन महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। महोत्सव की तैयारियों को लेकर आयोजित बैठक में पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल सहित समिति के पदाधिकारियों ने कार्यक्रम की विस्तृत रूपरेखा साझा की। जानकारी देते हुए राजकुमार ठुकराल, संजीव गुप्ता, सुरेंद्र गुप्ता, राकेश शर्मा एवं विकास बंसल ने बताया कि मुख्य महोत्सव से पूर्व एक मई को भव्य निशान यात्रा निकाली जाएगी। निशान यात्रा का शुभारंभ फुटबॉल ग्राउंड ट्रांजिट कैंप से होगा, जो खाटू मंदिर गल्ला मंडी होते हुए इंडियन पब्लिक स्कूल ट्रांजिट कैंप पहुंचकर संपन्न होगी। यात्रा के दौरान श्याम भक्त बाबा के जयकारों और निशानों के साथ शहर का भ्रमण करेंगे। महोत्सव के दूसरे दिन आयोजित होने वाले भव्य श्री श्याम संकीर्तन में प्रख्यात भजन गायक अपनी मधुर प्रस्तुतियों से भक्तों को निहाल करेंगे। संकीर्तन महोत्सव में मुख्य रूप से भजन गायक संजू पागल, खुशबू राध ा, नरेश सैनी और हिमांशु मारवाड़ी बाबा श्याम के चरणों में भजनों की पुष्प वर्षा करेंगे। आयोजकों ने क्षेत्र के समस्त ध र्मप्रेमी जनता से निशान यात्रा और संकीर्तन महोत्सव में अधिक से अधिक संख्या में सम्मिलित होकर पुण्य लाभ कमाने की अपील की है। महोत्सव

## आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को मिला सभासदों का समर्थन

रामनगर (उद संवाददाता)। रामनगर में अपनी विभिन्न मांगों को लेकर बीते 2 अप्रैल से अनिश्चित कालीन हड़ताल पर बैठी आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को अब स्थानीय जनप्रतिनिधियों का भी साथ मिलने लगा है। मंगलवार को नगर पालिका के सभासदों ने धरना स्थल पर पहुँचकर कार्यकत्रियों की मांगों का पुरजोर समर्थन किया और सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी करते हुए प्रदर्शन किया। सभासद तनुज दुर्गापाल ने तीखा प्रहार करते हुए कहा कि वर्तमान सरकार पूरी तरह अपनी आंखें बंद कर बैठी है। उन्होंने रोष जताते हुए कहा कि इतनी भीषण गर्मी में आंगनबाड़ी कार्यकत्रियां अपनी जायज मांगों को लेकर सड़क पर बैठी हैं, लेकिन सत्ता पक्ष के स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने आज तक उनकी सुध लेने की जहमत नहीं उठाई। सभासदों ने कहा कि सरकार और शासन में बैठे जिम्मेदार लोगों को इस बेरुखी पर विचार करना चाहिए। उन्होंने सरकार को चेतावनी देते हुए मांग की कि कार्यकत्रियों की मांगों को शीघ्र पूरा किया जाए, अन्यथा नगर पालिका के सभासद आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों के हक के लिए सड़क से लेकर सदन तक लड़ाई लड़ने के लिए मजबूर होंगे।



प्रदर्शनकारियों ने साफ तौर पर कहा कि यदि जल्द ही मांगों पर सकारात्मक निर्णय नहीं लिया गया तो सरकार के खिलाफ उग्र आंदोलन छेड़ते हुए पुतला दहन भी किया जाएगा। सभासदों ने एकजुटता दिखाते हुए कहा कि वे इस न्यायपूर्ण लड़ाई में अंतिम समय तक आंगनबाड़ी कर्मियों के साथ खड़े हैं। इस दौरान बड़ी संख्या में पालिका सभासद और हड़ताली आंगनबाड़ी कार्यकत्रियां उपस्थित रहीं।

## रामजीवनपुर नंबर-3 में संचालित चर्च सील

गदरपुर। क्षेत्र के ग्राम रामजीवनपुर नंबर-3 में शिकायत मिलने के बाद प्रशासन ने बड़ी कार्रवाई करते हुए एक चर्च को सील कर दिया। तहसील प्रशासन द्वारा की गई इस कार्रवाई के दौरान मौके पर किसी भी प्रकार की अप्रिय स्थिति से निपटने के लिए भारी पुलिस बल तैनात किया गया।जानकारी के अनुसार, उपजिलाधिकारी ऋचा सिंह के नेतृत्व में जांच के बाद यह पाया गया कि संबंधित भूमि आवासीय उद्देश्य के लिए खरीदी गई थी, जबकि वहां ध ार्मिक गतिविधियों के लिए चर्च का संचालन किया जा रहा था। प्रशासन ने इसे नियमों का उल्लंघन मानते हुए कार्रवाई की।एसडीएम ऋचा सिंह ने बताया कि यह मामला धारा 154 के उल्लंघन से संबंधित है और स्पष्ट रूप से नियमों के विपरीत गतिविधियां संचालित की जा रही थीं। जांच के



उपरांत चर्च परिसर को तत्काल प्रभाव से सील कर दिया गया।कार्रवाई के दौरान अधिकारियों ने संबंधित दस्तावेजों की भी जांच की और संबंधित पक्ष को नियमों का पालन करने के निर्देश दिए। इस मौके पर तहसीलदार देवेंद्र सिंह बिष्ट, राजस्व उपनिरीक्षक इंदु भट्ट, राजस्व निरीक्षक विनोद कुमार समेत अन्य अधिकारी भी मौजूद रहे। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि क्षेत्र में किसी भी प्रकार की अवैध गतिविधियों को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और नियमों के तहत सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

### सूचना

सूचित किया जाता है कि मेरी हाईस्कूल परीक्षा वर्ष 2023 व इण्टरमीडिएट परीक्षा वर्ष 2025 की मार्कशीट में मेरा नाम UMRA JAHAN दर्ज गया है। जबकि मेरा सही व वास्तविक नाम UMRA KHAN है। अत: मार्कशीट में मेरा नाम संशोधित कर भविष्य में मुझे UMRA KHAN के नाम से ही जाना व पहचाना जाये।

उमरा खान पुत्री श्री अख्तर खान,
निवासी -सीरगोटिया, रूद्रपुर, जिला
ऊधम सिंह नगर, उत्तराखण्ड

## पेज एक का शेष...

**हाथी का तांडव....** जंगल की ओर खदेड़ा और दोनों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए हल्द्वानी भेज दिया। बता दें लालकुआं, हल्द्वानी और हल्दूचौड़ के तराई क्षेत्रों में पिछले कुछ समय से मानव-वन्यजीव संघर्ष की घटनाएं तेजी से बढ़ी हैं। तराई केंद्रीय वन प्रभाग का यह हिस्सा हाथियों का प्राकृतिक आवास है, लेकिन हाल के वर्षों में कॉरिडोर बाधित होने और जंगलों में खाद्य संकट के कारण हाथी लगातार बस्तियों की ओर रुख कर रहे हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि हल्द्वानी-लालकुआं राष्ट्रीय राजमार्ग पर हाथियों की मौजूदगी अब आम बात हो गई है। हाथी न केवल फसलों और बाउंड्री वॉल को नुकसान पहुंचा रहे हैं, बल्कि अब बस्तियों के अंदर घुसकर लोगों की जान भी ले रहे हैं। इस घटना के बाद आक्रोशित ग्रामीणों ने वन विभाग की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाए हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि विभाग द्वारा गश्त (पेट्रोलिंग) की उचित व्यवस्था नहीं की गई है, जिसके कारण जंगली जानवर आबादी वाले क्षेत्रों में बेरोकटोक घुस रहे हैं। लोगों ने मांग की है कि मृतकों के आश्रितों को तत्काल उचित मुआवजा दिया जाए और जंगल की सीमा पर सोलर फेंसिंग व गहरी ट्रेंच (खाई) का निर्माण किया जाए ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं को रोका जा सके। मौके पर मौजूद वन अधिकारियों ने घटना पर गहरा दुख व्यक्त करते हुए परिजनों को नियमानुसार शीघ्र मुआवजा दिलाने का आश्वासन दिया है। विभाग ने क्षेत्र में सुरक्षा के मद्देनजर गश्त बढ़ाने और हाथी की गतिविधियों पर पैनी नजर रखने के लिए विशेष टीम तैनात कर दी है। साथ ही, ग्रामीणों से अपील की गई है कि वे अकेले जंगल की ओर न जाएं और हाथियों की सूचना मिलने पर तुरंत विभाग को सूचित करें।

**आर्थिकी और पारिस्थितिकी....** शुभकामनाएं दीं। समारोह को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि आज जब हम रजत जयंती मना रहे हैं, तो हमें उन संघर्षों और उपलब्धियों को याद करना चाहिए जिन्होंने इस निगम को इस मुकाम तक पहुंचाया है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में हमारा राज्य 'विकल्प रहित संकल्प' के साथ आगे बढ़ रहा है और उत्तराखंड को देश का अग्रणी राज्य बनाने में वन संपदा का संरक्षण और संवर्धन हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। मुख्यमंत्री ने स्पष्ट रूप से कहा कि उत्तराखंड की पहचान यहाँ के घने वनों और हिमालयी पर्यावरण से है। हमारा लक्ष्य केवल विकास करना ही नहीं है, बल्कि 'इकोनॉमी' और 'इकोलॉजी' के मध्य एक ऐसा आदर्श संतुलन स्थापित करना है जो पूरी दुनिया के लिए एक उदाहरण बन सके। वन विकास निगम ने वैज्ञानिक पद्धतियों के माध्यम से वनों का दोहन न कर उनका प्रबंधन किया है, जिससे पर्यावरण को हानि पहुँचाए बिना राज्य के राजस्व को मजबूती मिली है। मुख्यमंत्री ने निगम की कार्यप्रणाली में पारदर्शिता की सराहना करते हुए कहा कि डिजिटलाइजेशन और ई-नीलामी जैसी व्यवस्थाओं से भ्रष्टाचार पर अंकुश लगा है और आमजन का विश्वास बढ़ा है। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार श्रमिकों के कल्याण के प्रति पूरी तरह समर्पित है, क्योंकि वे ही इस व्यवस्था की असली ताकत हैं। सीएम ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि निगम की कार्यक्षमता को और अधिक आधुनिक बनाया जाए ताकि हम भविष्य की चुनौतियों का सामना कर सकें। उन्होंने आह्वान किया कि आने वाला दशक उत्तराखंड का दशक है और इस सपने को साकार करने के लिए हर विभाग को अपनी सर्वश्रेष्ठ क्षमता के साथ कार्य करना होगा। मुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि वन विकास निगम केवल राजस्व अर्जित करने का साधन नहीं है, बल्कि यह हमारे युवाओं को स्वरोजगार और आजीविका के अवसरों से जोड़ने का एक सशक्त माध्यम भी है। मुख्यमंत्री ने विश्वास व्यक्त किया कि रजत जयंती का यह अवसर निगम को एक नई ऊर्जा और दिशा प्रदान करेगा। उन्होंने कहा कि 25 साल का यह सफर केवल एक आंकड़ा नहीं है, बल्कि राज्य निर्माण के उद्देश्यों को प्राप्त करने की दिशा में बढ़ाया गया एक मजबूत कदम है। कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री ने निगम की उपलब्धियों पर आधारित स्मारिका का विमोचन भी किया और उत्कृष्ट सेवा देने वाले कर्मियों को सम्मानित कर उनका मनोबल बढ़ाया। इस अवसर पर वन मंत्री सुबोध उनियाल, प्रमुख सचिव वन आर के सुधांशु, सांसद नरेश बंसल,विधायक सविता कपूर, विधायक मोहन सिंह बिष्ट, विधायक सुरेश गड़िया, प्रबंध निदेशक श्रीमती नीना अग्रवाल, रंजन मिश्रा सहित कई वरिष्ठ अधिकारी और गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

**विधानसभा के मंथन...** महिलाओं के हाथों में है। इसके अलावा राज्य में बालिकाओं को मुफ्त एवं अनिवार्य शिक्षा, मुफ्त पाठ्य पुस्तकें और ड्रेस उपलब्ध कराई जा रही है। सभी विद्यालयों एवं महाविद्यालयों में बालिका शौचालय निर्माण का लक्ष्य पूर्ण किया जा चुका है। शिक्षा मंत्री के अनुसार प्रदेश में 39 कस्तूरबा गांध ी बालिका छात्रावास संचालित हैं, जहां मुफ्त शिक्षा दी जा रही है। उन्होंने आगे कहा कि सुरक्षा, परिवहन, परामर्श एवं सह-शैक्षिक गतिविधियों के माध्यम से बालिकाओं का सर्वांगीण विकास किया जा रहा है। इसी का परिणाम है कि उच्च शिक्षा में बालिकाओं का ड्रॉपआउट 12 प्रतिशत कम हुआ है और सकल नामांकन अनुपात 48 प्रतिशत तक पहुंच गया है। मातृशक्ति को सक्षम बनाने के दिशा में किए जा रहे सरकारी प्रयासों पर प्रकाश डालते हुए शिक्षा मंत्री ने आगे बताया कि विद्या ज्योति छात्रवृत्ति और गौरा देवी कन्या धन योजना के माध्यम से बालिकाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाया जा रहा है। साथ ही, तीन विश्वविद्यालयों में महिला कुलपतियों की नियुक्ति कर महिला नेतृत्व को बढ़ावा दिया गया है।

**संदिग्ध हालातों में ...** ही युवती से विवाह हुआ था। उसका वर्तमान में 3 वर्षीय पुत्र है। बताया जाता है कि मंगलवार की दोपहर शुभम खाना खाकर अपने कमरे में गया और कमरा भीतर से बंद कर दिया। जब वह काफी देर तक वह बाहर नहीं आया तो परिजनों ने उसे आवाजें दी। परंतु कमरा नहीं खुला। जिस पर परिजनों ने किसी तरह दरवाजा खोला तो भीतर उन्होंने शुभम को फांसी पर लटका देखा। जिससे परिजनों में चीख पुकार शुरू हो गई। आनन फानन में शुभम को फांसी से उतारकर तत्काल उपचार के लिए चिकित्सालय ले जाया गया। देर सायं तक उसकी हालत में काई सुधार नहीं हुआ तो परिजन उसे जिला चिकित्सालय ले गये जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। शुभम की अचानक हुई मौत से परिजनों में कोहराम मच गया। शुभम के फांसी लगाने के कारणों का पता नहीं चल पाया। पुलिस ने शव अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। सूचना मिलने पर पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल सहित तमाम लोगों ने पोस्टमार्टम हाउस पहुंचकर परिजनों को ढांढस बंधाया।

**सीओ के सामने ...** लगता है। इसके अलावा पुलिसकर्मियों ने सीओ को अन्य समस्याओं से भी अवगत कराया। जिस पर सीओ ने सभी समस्याओं को नोटकर इनका समाधान कराने का आश्वासन दिया। उन्होंने यहां मालखाना, अभिलेख, शस्त्र भंडार कक्ष आदि का निरीक्षण कर आवश्यक दिशा निर्देश दिये। इस दौरान प्रभारी निरीक्षक मोहन चन्द्र पाण्डे, एसआई महेश कांडपाल, आवास विकास चौकी प्रभारी प्रकाश चन्द्र सहित कई उप निरीक्षक, अपर उप निरीक्षक, हेड कांस्टेबल व पुलिसकर्मी मौजूद थे।

**बाईक से टकराया...** लिए छटपटाता रहा। सूचना मिलते ही वन क्षेत्राधिकारी विजय मेलकानी के नेतृत्व में टीम मौके पर पहुंची। मामले की गंभीरता को देखते हुए रानीबाग से विशेष रेस्क्यू टीम बुलाई गई, जिसने गुलदार को ट्रेंकुलाइज कर सुरक्षित निकाला और रेस्क्यू सेंटर पहुंचाया।

संस्थापक-स्व० हरनामदास सुखीजा एवं स्व०तिलकराज सुखीजा
स्वामित्वाधिकारी,प्रकाशक एवं मुद्रक परमपाल सुखीजा द्वारा उत्तरांचल दर्पण पब्लिकेशन्स, श्याम टाकीज रोड,रुद्रपुर,ऊधमसिंहनगर (उत्तराखण्ड)से मुद्रित एवं प्रकाशित
सम्पादक- परमपाल सुखीजा
आरएनआई नं.: UTTHIN/2002/8732 समस्त विवाद रूद्रपुर न्यायालय के अधीन होंगे।
E-mail-darpan.rdr@gmail.com,www.uttaranchaldarpan.in
फोन-245886(O)245701(Fax),9897427585,9897427586(Mob.)

# धूमधाम से मना महापौर विकास शर्मा का जन्मदिन

## शिव कॉरिडोर का किया भूमि पूजन, नगर निगम में रामायण पाठ की धूम
## समर्थकों और कार्यकर्ताओं ने ढोल-नगाड़ों के साथ किया भव्य स्वागत

रुद्रपुर । नगर के प्रथम नागरिक महापौर विकास शर्मा का जन्म दिन बुध वार को भारी उत्साह और उल्लास के साथ मनाया गया। सुबह से ही उनके आवास पर बधाई देने वालों का तांता लगा रहा, जहाँ विभिन्न सामाजिक, धार्मिक संगठनों और भाजपा कार्यकर्ताओं ने उन्हें गुलदस्ते भेंट कर उनके स्वस्थ एवं दीर्घायु जीवन की मंगल कामना की। महापौर ने अपने जन्म दिन की शुरुआत अपने माता-पिता के चरण स्पर्श कर आशीर्वाद लेकर की। इसके उपरांत वह अपने परिजनों और कार्यकर्ताओं के साथ नीलकंठ धाम पहुंचे। यहाँ उन्होंने भगवान भोलेनाथ का जलाभिषेक किया और विशेष पूजा-अर्चना कर जनपद की सुख- समृद्धि की कामना की। अपने जन्म दिन के अवसर पर महापौर ने नीलकंठ धाम में अपने ड्रीम प्रोजेक्ट 'शिव कॉरिडोर' के लिए मंत्रोच्चार और हवन-पूजन के साथ भूमि पूजन किया। महापौर ने कहा कि यह परियोजना रुद्रपुर की सांस्कृतिक पहचान को नई ऊंचाइयों पर ले जाएगी। जब महापौर नगर निगम कार्यालय पहुंचे, तो वहां का नजारा उत्सव जैसा था। ढोल-नगाड़ों की थाप और गगनभेदी नारों के साथ समर्थकों ने उनका जोरदार स्वागत किया। जन्म दिन के उपलक्ष्य में नगर निगम परिसर में श्री रामायण पाठ का भव्य आयोजन किया गया, जिससे पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया। पाठ की पूर्णाहुति के बाद विशाल भंडारा आयोजित किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। इस दौरान महापौर को किसी ने त्रिशूल, किसी ने गदा तो किसी ने तलवार भेंट कर



शुभकामनाएं दी। इसके अलावा महापौर को लड्डुओं से भी तोला गया। जन्म दिन के इस विशेष अवसर पर महापौर विकास शर्मा भावुक नजर आए। उन्होंने सभी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि आज मुझे जो प्रेम और सम्मान मिला है, वह केवल मेरा नहीं बल्कि रुद्रपुर की जनता और मेरे देवतुल्य कार्यकर्ताओं के अटूट विश्वास का परिणाम है। मैं जो कुछ भी हूँ, अपने शुभचिंतकों और समर्थकों की बदौलत हूँ। राजनीति मेरे लिए सत्ता का माध्यम नहीं, बल्कि जनसेवा का एक पवित्र मार्ग है। मेरा संकल्प है कि रुद्रपुर को प्रदेश का सबसे स्वच्छ, सुंदर और सुरक्षित 'स्मार्ट सिटी' बनाया जाए। महापौर ने कहा कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के कुशल नेतृत्व और विशेष आशीर्वाद से रुद्रपुर में विकास के नए आयाम स्थापित हो रहे हैं। शिव कॉरिडोर जैसी कई महत्वाकांक्षी योजनाओं पर काम चल रहा है, जो जल्द ही धरातल पर दिखाई देंगी। हमारा लक्ष्य केवल सड़क और नाली बनाना नहीं, बल्कि एक आधुनिक और व्यवस्थित रुद्रपुर का निर्माण करना है। मैं सभी को विश्वास दिलाता हूँ कि विकास की इस यात्रा में कोई कसर नहीं छोड़ी जाएगी और शहर एक नए भव्य स्वरूप में नजर आएगा। सोशल मीडिया से लेकर ध रातल तक महापौर को बधाई देने वालों का हुजूम उमड़ा रहा। बधाई देने वालों में भाजपा के वरिष्ठ नेता वेद ठुकराल, नरेंद्र अरोरा, गुरमीत सिंह, निखिल मंडल, मानस जायसवाल, चिराग कालरा, सुनील ठुकराल, विनीत अरोरा, ललित शर्मा, जगदीश लल्ला, मुकेश शर्मा, अनुज पाठक, प्रमोद शर्मा, राजेश शर्मा, गुड्डू शर्मा, रोहित चंद्र, सौरभ गुप्ता, कमल पाल, गिरीश पाल, कुसुम शर्मा, अंकुश गुंबर, तरुण मुंजाल, राजेश कामरा, हिमांशु शुक्ला, शिव कुमार राय, मानवेंद्र राय, स्वाति शर्मा, प्रीति धीर, काजल और राजेंद्र मौर्य समेत सैकड़ों गणमान्य व्यक्ति शामिल रहे।








## बालाजी महाराज के दरबार में विकास शर्मा का जन्मदिन धूमधाम से मनाया

रुद्रपुर। काशीपुर रोड स्थित वसुंधरा पाम हाउस में मंगलवार की रात श्री बालाजी महाराज का भव्य दरबार सजाया गया, जहां भक्तों ने सुंदर भजनों का आनंद लिया और बालाजी महाराज का गुणगान किया। हरीश सिंह के आवास पर आयोजित इस धार्मिक आयोजन में भोले बाबा, बालाजी महाराज और माता रानी के मधुर भजनों ने पूरे माहौल को भक्तिमय बना दिया।दरबार के दौरान श्री नीलकंठ धाम के महंत एवं मेयर विकास शर्मा का जन्मदिन भी धूमधाम से मनाया गया। जैसे ही जन्मदिन का अवसर आया, पूरा पंडाल "जय श्री बालाजी" के जयकारों से गूंज उठा। महाराज जी के करकमलों से विधिवत पूजा-अर्चना के पश्चात केक काटने की शुरुआत हुई। बाबा के भक्तों द्वारा लाए गए



एक के बाद एक कई केक काटे गए, जिससे उत्साह चरम पर पहुंच गया।भक्तों ने श्री बालाजी महाराज से मेयर विकास शर्मा के उत्तम स्वास्थ्य, दीर्घायु और उज्ज्वल भविष्य की कामना की। पूरा माहौल उत्साह और उल्लास से भरा रहा, जहां भक्त भजनों पर झूमते नजर आए और जन्मदिन की खुशियों में शामिल हुए।कार्यक्रम के अंत में भव्य आतिशबाजी कर जन्मदिन को और भी खास बनाया गया। रंग-बिरंगी रोशनी से आसमान जगमगा उठा। इस अवसर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे, जिन्होंने दरबार और जन्मदिन के इस संगम को यादगार बना दिया।

## जन्मदिन के बहाने सियासी संदेश! फ्लेक्सों से झलकी मेयर की 'विधायक' दावेदारी

रुद्रपुर। निगम के महापौर विकास शर्मा के जन्मदिन पर इस बार शहर का नजारा कुछ अलग ही दिखाई दिया। नगर निगम क्षेत्र से लेकर पूरे विधानसभा क्षेत्र में बड़ी संख्या में लगे होर्डिंग्स और फ्लेक्सों ने न सिर्फ जन्मदिन की बधाइयों का माहौल बनाया, बल्कि सियासी हलकों में नई चर्चाओं को भी जन्म दे दिया है। समर्थकों द्वाराविधानसभा क्षेत्र के प्रमुख चौराहों, बाजारों और सड़कों पर लगाए गए होल्डिंग मशीन आम जनता में चर्चाएं शुरू हो गई है और इसे वह आगामी विधानसभा चुनाव से जोड़कर देख रहे हैं। खास बात यह रही कि कई स्थानों पर लगाए गए होर्डिंग्स नगर निगम सीमा से बाहर भी नजर आए, जिसे राजनीतिक जानकार महज संयोग नहीं मान रहे। इसे आगामी विधानसभा चुनाव की रणनीति के तौर पर



देखा जा रहा है। फ्लेक्सों के जरिए जिस तरह से व्यापक स्तर पर प्रचार किया गया है, उसने यह संकेत दिया है कि मेयर विकास शर्मा अब शहर की राजनीति से आगे बढ़कर विधानसभा स्तर पर अपनी दावेदारी मजबूत करने की तैयारी में हैं। शहर में आम लोगों के बीच भी इसको लेकर चर्चाएं तेज हैं। जन्मदिन के बहाने यह शक्ति प्रदर्शन कहीं न कहीं चुनावी संदेश देने का माध्यम बन गया है। इस तरह का व्यापक प्रचार बिना किसी बड़े उद्देश्य के नहीं होता, और यह साफ तौर पर आने वाले चुनावों की ओर इशारा करता है। फिलहाल, इन फ्लेक्सों ने रुद्रपुर की सियासत में हलचल जरूर पैदा कर दी है और आने वाले समय में यह देखना दिलचस्प होगा कि शर्मा इस संभावित दावेदारी को किस रूप में आगे बढ़ाते हैं।






